## खण्ड -I : सामान्य हिन्दी बोध

*निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और (प्रश्नों में दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए)।*

मेरे माता-पिता ने अपना जीवन न्यूयार्क में बिताया जबकि मेरे दादा-दादी आस्ट्रिया के आस-पड़ोस के गाँवों में पैदा हुए और पले बढ़े। मेरे दादा के पिता की शराब की दुकान थी और वह बहुत धार्मिक थे। अपने इस परिवार में मेरे दादा ही एकमात्र सुशिक्षित थे। उन्होंने अपनी हाई स्कूल, कालेज और स्नातक उपाधियाँ प्राप्त की। उन्होंने एक अध्यापक और प्रधानाचार्य के रूप में काम किया जो कि वर्तमान पदों की तुलना में उस समय ज्यादा सम्मानपूर्ण पद थे। मेरा अपने दादा हरमन से घनिष्ठ संबंध था। हम दोनों भावुक, स्नेहमय, फिक्र करने वाले और जन्मजात प्रतिभासंपन्न अध्यापक हैं।

भले ही मेरे दादा-दादी और परदादा-परदादी आस्ट्रिया में पैदा हुए थे लेकिन मैं आस्ट्रियाई नहीं हूँ। मुझे लगता है कि अमरीका में कई यहूदीयों की यही स्थिति है। इस धर्म से होना विश्वास के साथ-साथ एक सांस्कृतिक विरासत भी है। भले ही अपने यहूदी होने के बारे में मैंने विरले ही कभी सोचा हो और पवित्र दिनों पर मैं ज्यादा ध्यान भी नहीं देता फिर भी यहूदी धर्म मेरी पहचान का एक बहुत बड़ा हिस्सा है।

1. इस अनुच्छेद का मुख्य लक्ष्य है :

   (1) बताना (2) राज़ी करना (3) क्षमा माँगना (4) प्रशंसा करना

2. लेखक अपने को आस्ट्रियाई नहीं मानता क्योंकि :

   (1) उसके दादा-दादी, परदादा-परदादी वहाँ पैदा नहीं हुए थे

   (2) उसका धर्म उसकी विरासत को परिभाषित करता है

   (3) वह अपने दादा से ज्यादा जुड़ा है

   (4) वह स्वयं को यहूदी नहीं मानता

3. 'पितृ' शब्द का अर्थ है :

   (1) बड़े (2) मेरी माता की तरफ के

   (3) मेरे पिता की तरफ के (4) आस्ट्रियाई

4. लेखक ने अपने दादा के सुशिक्षित होने के पक्ष में निम्नलिखित में से सिवाय एक के सभी कहा है :

   (1) वह प्रतिभासंपन्न अध्यापक थे (2) उन्होंने अपनी स्नातक उपाधि पूरी की थी

   (3) उन्होंने प्रधानाचार्य के रूप में काम किया था (4) उनकी फिक्र करने की प्रवृत्ति थी

collegedunia
India's largest Student Review Platform

5. 'पवित्र दिनों पर ज्यादा ध्यान न देना' का निहितार्थ क्या है ?

(1) लेखक धार्मिक संगठनों को बहुत कम धन देता है

(2) लेखक यहूदी पवित्र दिनों का अनुपालन विरले ही करता है

(3) यहूदी धर्म लेखक की पहचान का बहुत बड़ा हिस्सा है

(4) लेखक यहूदी नहीं है

6. ''मेरे दादा के पिता की शराब की दुकान थी और वह बहुत धार्मिक थे'', यह :

(1) एक सरल वाक्य है (2) एक जटिल वाक्य है

(3) एक मिश्र वाक्य है (4) जटिल - मिश्र वाक्य है

7. ''भले ही मेरे दादा-दादी और परदादा-परदादी आस्ट्रिया में पैदा हुए थे लेकिन मै आस्ट्रियाई नहीं हूँ'' यह एक :

(1) जटिल वाक्य है (2) मिश्र वाक्य है

(3) जटिल - मिश्र वाक्य है (4) सरल वाक्य है

8. लेखक के परदादा कौन थे ?

(1) पादरी (2) अध्यापक (3) प्रधानाचार्य (4) दुकानदार

9. 'जन्मजात' शब्द का अर्थ है :

(1) स्वाभविक रूप से (2) गहन रूप से (3) गुप्त रूप से (4) घनिष्ठ रूप से

10. ''इस धर्म से होना विश्वास के साथ-साथ एक सांस्कृतिक विरासत भी है'', वाक्य में 'होना' :

(1) क्रियार्थक संज्ञा है (2) वर्तमानकालिक कृदंत है (3) भूतकालिक कृदंत है (4) संज्ञा है

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

भाग-अ

## खण्ड -II : तार्किक एवं विश्लेषणात्मक चिन्तन

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में एक श्रृंखला दी जा रही है, जिसमें एक पद विलुप्त है। दिए गये विकल्पों में से सही विलुप्त पद चुनिए।*

**11.** 1, X, 5, T, 9, P, 13, __?__.

(1) 15 (2) L (3) 17 (4) J

**12.** 8, 15, 29, 57, __?__.

(1) 99 (2) 101 (3) 103 (4) 113

**13.** 2, 4, 16, __?__ , 65536

(1) 64 (2) 96 (3) 256 (4) 4096

**14.** A, E, __?__ , O, U

(1) I (2) F (3) H (4) L

**15.** 0200, 1202, 2204, 3309, __?__.

(1) 3412 (2) 4416 (3) 5305 (4) 4406

**16.** कुछ नेता इमानदार नहीं हैं। सत्यप्रकाश भी एक नेता है। इन कथनों के आधार पर कौन सा निष्कर्ष बिल्कुल ठीक है :

(1) सत्यप्रकाश ईमानदार है। (2) सत्यप्रकाश ईमानदार नहीं है।

(3) कुछ नेता ईमानदार है। (4) नेता ज्यादातर ईमानदार नहीं हैं।

**17.** यदि किसी माह का चौथा दिन मंगलवार है, तो 24 वें दिन के तीन दिन बाद क्या दिवस होगा ?

(1) गुरुवार (2) बुद्धवार (3) मंगलवार (4) शनिवार

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

निर्देश : (18 - 22)

*निम्नलिखित प्रश्नों (18 - 22) में चार अक्षरों के समूह एक क्रम में रखे गये हैं। प्रत्येक प्रश्न में एक समूह, उस क्रम का अनुसरण नहीं करता है, उसे पहचाहिए।*

**18.** (1) IKMO (2) QSUW (3) YACE (4) GITO

**19.** (1) WXDC (2) PQKJ (3) TVGF (4) NOML

**20.** (1) PQRS (2) LMOP (3) DEFG (4) YZAB


**21.** (1) ALBK (2) LOMN (3) EVFU (4) GTHR

**22.** (1) EUHS (2) AYCW (3) CWEU (4) DVFT

*निर्देश : (23 - 26)*

*निम्नलिखित प्रश्नों में पांच आकृतियां क्रमश: A, B, C, D और E है। आकृति A तथा अन्य 3 आकृतियों में कुछ समान तत्व/ गुण हैं। विमेलित आकृति को पहचानिए।*


**23.**



(A) (B) (C) (D) (E)

(1) C (2) B (3) E (4) D

**24.**




(A) (B) (C) (D) (E)

(1) B (2) C (3) D (4) E


collegedunia
India's largest Student Review Platform

25.




(1) B (2) C (3) D (4) E


26.




(1) B (2) C (3) D (4) E

*निर्देश : (27 - 30)*

नीचे दिये गए चित्र के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।




27. किस क्षेत्र की 9 सीमारेखाएँ है ?

(1) C (2) Q (3) M (4) B

28. किस क्षेत्र की सभी सीमारेखाएँ बराबर है ?

(1) C (2) F (3) L (4) कोई नहीं

29. किस क्षेत्र की 5 सीमारेखाएँ है ?

(1) D (2) P (3) C (4) कोई नहीं

30. किन क्षेत्रों में एक वलयाकार सीमा है ?

(1) Q, T (2) N, R (3) F, N (4) N, F

collegedunia
India's largest Student Review Platform

## खण्ड -III : शैक्षिक एवं सामान्य चेतना

*निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के नीचे चार विकल्प दिये गये हैं। सर्वाधिक उचित उत्तर को चुनिए और इसकी क्रम संख्या लिखिए।*

31. एक हॉल में ध्वनि की गूंज का कारण निरंतर ________ होता है।

(1) परावर्तन (2) व्यतिकरण (3) विवर्तन (4) अवशोषण

32. हम भोजन खाते हैं :

(1) स्वाद के संवेद की संतुष्टि मात्र के लिए

(2) थैलेमस से भूख के उत्पन्न होने की प्रतिक्रिया के रूप में

(3) विभिन्न उपापचयी क्रियाओं के लिए रासायनिक ऊर्जा उत्पन्न करने हेतु

(4) विभिन्न उपापचयी क्रियाओं के लिए ताप उर्जा उत्पन्न करने हेतु

33. भारतीय संविधान में वर्णित मूल अधिकारों के संदर्भ में कौन सी विशेषता **उचित नहीं** है ?

(1) वे सामान्य कानूनों से ऊपर हैं।

(2) वे निरपेक्ष हैं।

(3) वे न्याय योग्य हैं।

(4) वे संविधान के भाग-III में प्रतिष्ठापित हैं।

34. 1905 ई. में सर्वेंट ऑफ इन्डिया सोसाइटी की स्थापना किसने की ?

(1) दादा भाई नरोजी (2) गोपाल कृष्ण गोखले

(3) मोतीलाल नेहरु (4) मदनमोहन मालवीय

35. पंचायती राज व्यवस्था का उद्देश्य है :

(1) गाँवो को आत्मनिर्भर बनाना

(2) ग्रामीणों में आर्थिक सम्पन्नता लाना

(3) गाँवों में राजनैतिक दलों को आधार प्रदान करना

(4) लोकतंत्रात्मक विकेन्द्रीकरण करना

36. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम मुस्लिम अध्यक्ष कौन था ?

(1) हकीम अजमल खान (2) रफी अहमद किदवई

(3) अबुल कलाम आजाद (4) बदरुद्दीन तय्यबजी

37. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में चौरी-चौरा का क्या महत्व है ?

(1) गांधी जी ने यहाँ से अपने असहयोग आन्दोलन प्रारम्भ किया।

(2) गांधी जी ने यहाँ से दांडी यात्रा आरंभ की

(3) गांधी जी ने अपना असहयोग आन्दोलन वापस लिया।

(4) गांधी जी ने यहाँ से सत्याग्रह प्रारम्भ किया।

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

38. [illegible]

(1) मिज़ोरम (2) केरल (3) तमिलनाडु (4) हिमाचल प्रदेश

39. जब आप बर्फ के दो टुकड़ों को आपस में रगड़ें तो क्या होगा ?

(1) वे तेज़ी से पिघलेंगे। (2) वे आपस में चिपक जाएंगे।

(3) वे कठोर हो जाएंगे। (4) तापमान कम हो जायेगा।

40. एक अंडा ताजे पानी में डूब जाता है परन्तु नमक के पानी में तैरता रहता है क्यों ?

(1) नमक का पानी, ताजे पानी से हल्का होता है।

(2) नमक का पानी, ताजे पानी की अपेक्षा सघन होता है।

(3) नमक के पानी का पृष्ठतनाव, ताजे पानी की अपेक्षा कम होता है।

(4) नमक के पानी की श्यानता, ताजे पानी की अपेक्षा उच्च होती है।

41. यकृत में स्रावित होने वाला पित्त, एकत्र होता है :

(1) यकृत में (2) प्लीहा में (3) डुओडेनम नली में (4) पित्ताशय में

42. विश्व का सबसे बड़ा मछली पकड़ने की जगह कौन सी है ?

(1) जापान सागर (2) उत्तर -पूर्वी प्रशान्त

(3) उत्तर सागर (4) न्यू फाउन्ड लैंड जल क्षेत्र

43. निम्नलिखित में से कौन सी चोटी हिमालयी क्षेत्र में **नहीं** है ?

(1) धौलागिरी (2) नन्दा देवी (3) गाडविन ऑस्टिन (4) कंचनजंघा

44. राधाकृष्णन आयोग केन्द्रित था :

(1) उच्च शिक्षा पर (2) उच्चतर माध्यमिक शिक्षा पर

(3) माध्यमिक शिक्षा पर (4) प्रारम्भिक शिक्षा पर

45. मॉलकम अधिशेषिया की अध्यक्षता वाली समिति ने ________ के विभिन्न पक्षों को देखा।

(1) उच्च शिक्षा एवं शोध (2) व्यवसायिक शिक्षा

(3) माध्यमिक शिक्षा (4) प्रारम्भिक शिक्षा

46. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCF) 2005 ने बल दिया है :

(1) व्यवहारवाद पर (2) प्रकृतिवाद पर (3) प्रयोजनवाद पर (4) रचनावाद पर

47. राष्ट्रीय शिक्षा नीति-1986 ने ________ की स्थापना की अनुशंसा की है।

(1) व्यावसायिक शिक्षा संस्थाओं (2) राज्य शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिपदों

(3) जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (4) तकनीकी शिक्षा संस्थाओं

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

48. सतत एवं व्यापक मूल्यांकन प्रस्तुत किया गया :

(1) संज्ञानात्मक विकास के समग्र निर्धारण के लिए

(2) बच्चों को आसानी से उत्तीर्ण होने की अनुमति देने के लिए

(3) बच्चों के व्यक्तित्व के सभी पक्षों पर विकास के निर्धारण करने के लिए

(4) बच्चों में केवल असंज्ञानात्मक विकास के निर्धारण के लिए

49. नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा अधिनियम - 2009 के अनुसार :

(1) बच्चों की शारीरिक दंड एवं मानसिक प्रताड़ना को निषेध किया गया है।

(2) बच्चों की शारीरिक दंड एवं मानसिक प्रताड़ना को कुछ हद तक निषेध किया गया है।

(3) बच्चों की शारीरिक दंड एवं मानसिक प्रताड़ना का विषय प्रधानाचार्य के अधिकार क्षेत्र में दिया गया है।

(4) माता-पिता की सहमति से शारीरिक दंड एवं मानसिक प्रताड़ना की अनुमति दी गई है।

50. उपचारात्मक शिक्षण में शामिल है :

(1) पाठ को दोबारा पढ़ाना

(2) अधिगम समस्याओं की पहचान तथा उपचारात्मक तरीकों को लागू करना

(3) अधिगम समस्याओं का निदान

(4) व्यक्तिगत ध्यान देना

51. नकारात्मक विषमता वक्र प्रदर्शित करता है :

(1) बहुत निम्न गुणवत्ता (2) निम्न गुणवत्ता (3) सामान्य गुणवत्ता (4) उच्च गुणवत्ता

52. प्रारम्भिक विद्यालयों में विद्यालय प्रबन्धन समिति का निम्नलिखित में से कौन सा कार्य **नहीं** है ?

(1) विद्यालय की कार्यप्रणाली की निगरानी (2) विद्यालय विकास योजना का निर्माण एवं विकास

(3) प्राप्त अनुदानों की उपयोगिता की निगरानी (4) अध्यापकों की पदोन्नति तथा पुरस्कारों हेतु अनुशंसा

53. अभिवृत्ति, किसी की __________ में सफलता को प्रकट करती है।

(1) कठिन कार्यों से निपटना (2) एक विशेष व्यवसाय

(3) सामान्य अध्ययन (4) सामाजिक प्रभाविता

54. ताराचन्द कमेटी को इसकी __________ में अनुशंसाओं के लिए जाना जाता है।

(1) स्त्री शिक्षा (2) पूर्व - बाल्यावस्था शिक्षा

(3) धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा (4) माध्यमिक शिक्षा

55. NCTE का कार्य __________ को नियन्त्रित करना है।

(1) उच्च शिक्षा (2) अध्यापक शिक्षा (3) तकनीकी शिक्षा (4) शिक्षा में तकनीकी

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

## खण्ड - IV : शिक्षण-अधिगम एवं विद्यालय

56. विद्यालय में पाठ्यक्रम का अर्थ है :
   (1) विद्यालय की सीमा में सभी शैक्षिक अनुभव
   (2) विद्यालय में उपलब्ध सभी विषय
   (3) कक्षा में प्रदान किये जाने वाले सभी अधिगम अनुभव
   (4) विद्यालय और समुदाय में होने वाली सभी शैक्षणिक गतिविधियां

57. निम्नलिखित में से क्या स्वेच्छाचारी नेतृत्व प्रदर्शित करता है ?
   (1) नेता द्वारा अधीनस्थों से सुझाव मांगे जाते हैं।
   (2) नेता की प्रभाविता अधीनस्थों द्वारा स्वीकृत है।
   (3) नीतियां बनाते समय नेता दूसरे के विचारों का ध्यान रखता है।
   (4) नीतिनिर्माण में अधीनस्थों द्वारा बौद्धिक-आलोचना का प्रयोग, भाग लेते समय किया जाता है।

58. विषय वस्तु का समेकन किया जा सकता है :
   (1) केवल प्रारम्भिक स्तर पर
   (2) केवल माध्यमिक स्तर पर
   (3) केवल वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर
   (4) उपर्युक्त सभी स्तरों पर

59. सामान्यत: एक बालक जिसकी समस्याएँ है जो/जिसके :
   (1) घर पर भाई या बहन नहीं है
   (2) कुसमायोजित है
   (3) घर का वातावरण उचित नहीं है
   (4) बुद्धि मंद है

60. विद्यालय में एक नव प्रवेशित बच्चे को अभिविन्यासित करते समय अध्यापक को :
   (1) विद्यालय के नियमों पर बल देना चाहिए।
   (2) विद्यालयी अपेक्षाओं पर बात करने से बचना चाहिए।
   (3) विद्यालय में उसके समायोजन में उसकी कक्षा के संगी-साथियों की सेवाओं का प्रयोग करना चाहिए।
   (4) साप्ताहिक तथा मासिक आधार पर निश्चित विषयवस्तु लागू कर देनी चाहिए।

61. बच्चों के मूल्यांकन करते समय निम्नलिखित में से कौन से कथन पर सर्वाधिक प्रश्न उठ सकते हैं ?
   (1) परीक्षण में कमजोर होने पर भी मूल्यांकन वैधता सम्भव है।
   (2) बच्चों का व्यवहार, उनके सम्पूर्ण प्रदर्शन से सम्बधित होना चाहिए।
   (3) बच्चों का मूल्यांकन, सम्पूर्ण वैयक्तिक उपलब्धि का न्यायदर्श है।
   (4) मूल्यांकन समेकित होना चाहिए तथा पृथक घटकों पर आधारित नहीं होना चाहिए।

collegedunia
India's largest Student Review Platform

62. अधिगम सुसाध्य बनाने का कौन सा सबसे प्रभावी माध्यम है ?

(1) एक सस्वर एवं दृश्य चित्र

(2) एक दृश्य चित्र, अध्यापकों द्वारा व्याख्या के साथ

(3) अध्यापक की टिप्पणीयुक्त एक स्वर टेप

(4) उपर्युक्त सभी समान रूप से प्रभावी हैं।

63. विद्यालयों में शारीरिक दंड प्रतिबंधित है क्योंकि :

(1) यह बच्चों को मानसिक आघात दे सकता है।

(2) बच्चे इसे पसन्द नहीं करते।

(3) माता-पिता इसे अस्वीकार करते हैं।

(4) इसका अधिगम पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

64. विद्यालयों में खेलों को शामिल करने का प्राथमिक उद्देश्य क्या हो सकता है ?

(1) प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना

(2) अध्येता के संज्ञानात्मक विकास को मदद करना

(3) मनोगत्यात्मक विकास के अवसर प्रदान करना

(4) शारीरिक क्षमता विकसित करना

65. कक्षा में अनुशासन क्यों होना चाहिए ?

(1) बच्चे एक व्यवस्थित एवं यथाक्रम संसार के लाभ की अनुभूति कर सकें।

(2) बच्चे अध्यापक की अधिकारिता को स्वीकार कर सकें।

(3) बच्चे अनुभव कर सकें कि यह अनिवार्य है।

(4) यह उन्हें मदद करेगा यदि वो अध्यापक बनना चुनें।

66. अध्यापक को विद्यालय के बाहर बच्चों की गतिविधियों की चिन्ता क्यों रखनी चाहिए ?

(1) बच्चे अक्सर विद्यालय के बाहर की गतिविधियों में रूचि रखते हैं।

(2) बच्चे अक्सर बुरी आदतें सीख जाते हैं।

(3) माता-पिता के अलावा किसी और को भी विद्यालय के बाहर की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए।

(4) बच्चे विद्यालय के बाहर के अनुभवों द्वारा भी सीखते है।

67. विद्यालयों में शैक्षिक दृष्टिकोण से रेडियो/टेलीविजन के सीमित उपयोग का निम्नलिखित में से कौन सा कारण *वैध नहीं* है ?

(1) सभी विषय वस्तु इसके उपयोग के लिए उपयुक्त नहीं हैं।

(2) बच्चों को घर में इनके उपयोग की अनुमति नहीं है।

(3) हम ऐसे कार्यक्रमों का विकास धीमे-धीमे करते हैं।

(4) बहुत से माता-पिता इसके उपयोग पर रोक लगाते हैं।

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

68. निम्नलिखित में से कौन सा कार्य- अध्यापक के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण है ?

(1) अध्येताओं को संप्रेषण (2) ज्ञान का संचारण

(3) गुणात्मक अधिगम को प्रोत्साहन (4) कक्षा प्रबन्धन

69. अगले वर्ग के अध्यापक को अधिगम हस्तांतरण का अर्थ है :

(1) समायोजन (2) प्रौढ़ता (3) प्रतिधारण (4) तत्परता

70. एक विद्यार्थी ने सिद्धान्त समझ लिया है, यह सुरक्षित रूप से तब माना जा सकता है जब वह :

(1) इसके और उदाहरण दे।

(2) उन समस्याओं के समाधान में इसका प्रयोग करें, जिन पर यह लागू होता है।

(3) दोबारा सामना होने पर इसे पहचान सके।

(4) जब पूछा जाए, सिद्धान्त को स्मरण कर सके।

71. अध्येताओं में समस्या समाधान को योग्यता विकसित करने का एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण तरीका है :

(1) उन्हें प्रत्यक्ष तर्कणा युक्तियां प्रदान की जाए।

(2) उन्हें ''कठिन'' शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में व्यस्त रखा जाए।

(3) सामान्य उत्तरों को अस्वीकार कर दिया जाए।

(4) एक आलोचनात्मक अभिवृत्ति के निर्माण को संवेदित किया जाए।

72. एक प्रत्यय को ग्रहण करने के क्रम में सबसे पहले क्या आता है ?

(1) अमूर्तता (2) अन्तर करना

(3) अनुभव करना (4) सामान्यीकरण

73. वांछनीय अभिवृत्ति का विकास सबसे प्रभावी ढंग से किया जा सकता है :

(1) अभिवृत्ति को बढ़ावा देने वाली मूल्यवान गतिविधियों में अर्थपूर्ण भागीदारी द्वारा

(2) अभिवृत्ति के उद्देश्य का अनुभव करके

(3) उचित आदर्शों की पहचान करके

(4) सामाजिक एवं नैतिक प्रत्ययों पर बल देकर

74. एक अध्यापक, जो अपनी कक्षा में नये विषय को पहली बार प्रस्तुत कर रहा है, उसे :

(1) समय गंवाए बिना पहला पाठ प्रारम्भ कर देना चाहिए।

(2) कक्षा को विषय की व्यापक रूपरेखा बतानी चाहिए।

(3) विद्यार्थियों की पुरानी श्रेणी/अंकों की जांच करनी चाहिए।

(4) विद्यार्थियों का पूर्वज्ञान जानना चाहिए।

collegedunia
India's largest Student Review Platform

75. निम्नलिखित में से कौन सी अध्ययन विधि, समय के सर्वाधिक कुशल उपयोग का परिणाम है?

(1) जो पढ़ा जा रहा है, उस पर प्रतिक्रिया करने में समय लेना।

(2) किसी संरचित रूपरेखा में विस्तार को संगठित करना।

(3) याद करने से पूर्व अर्थ को समझना।

(4) अगले प्रत्यय पर जाने से पूर्व, प्रत्येक प्रत्यय पर पूर्ण अधिकार करना।

76. ''एक प्रतिभाशाली बालक'' के साथ सर्वाधिक उपयुक्त व्यवहार क्या हो सकता है?

(1) उसे दोहरी पदोन्नति देना

(2) कक्षा नायक के रूप में उनका प्रयोग

(3) उन्हें अपनी रूचि के अनुरूप वस्तुओं को खोजने की स्वतंत्रता देकर

(4) उपर्युक्त में से कोई उचित नहीं है।

77. मूल्य-सहयोग को विकसित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी विधि श्रेष्ठ है?

(1) एक माह के लिए एक कैम्प का आयोजन (2) शीर्षक पर व्याख्यानों का आयोजन

(3) सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन (4) एक प्रारूप प्रस्तुत करना

78. विद्यार्थियों के साथ अच्छे सम्बन्ध विकसित करने के लिए एक अध्यापक को :

(1) उनके साथ मित्रवत होना चाहिए।

(2) उन पर व्यक्तिगत ध्यान देना चाहिए।

(3) सभी विद्यार्थियों को समान रूप से प्रेम करना चाहिए।

(4) प्रभावी संप्रेषण होना चाहिए।

79. श्रव्यदृश्य सामग्री को कक्षा में प्रयोग के लिए चयन करने का क्या मार्गदर्शक सिद्धान्त होना चाहिए?

(1) उपयुक्तता (2) उपलब्धता (3) उपयोगिता (4) उपर्युक्त [illegible]

80. कक्षा में अनुशासन बनाने में अध्यापक की असफलता का सबसे बड़ा कारण, अध्यापक में ________ की कमी होना है।

(1) शिक्षण विधियों में सक्षमता

(2) अपने विषय के ज्ञान

(3) अधिगम हेतु अर्थपूर्ण वस्तुओं के एक संरचित कार्यक्रम

(4) शिक्षा मनोविज्ञान के ज्ञान

## खण्ड -V (i) : विज्ञान

81. क्या होता है जब तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल को लोहे की छीलन में मिलाया जाता है ?
   (1) हाइड्रोजन गैस तथा आयरन (II) क्लोराइड उत्पन्न होते हैं।
   (2) क्लोरीन गैस तथा आयरन हाइड्रोक्साइड उत्पन्न होते हैं।
   (3) कोई क्रिया नहीं होती।
   (4) लौह लवण तथा जल उत्पन्न होते हैं।

82. निम्नलिखित में कौन सी दवा दर्द से आराम के लिए ली जाती है ?
   (1) प्रतिजैविक (2) एनालजैसिक (3) एन्टासिड (4) एन्टीसैप्टिक

83. एक न्यूरान में, विद्युतीय संकेत से रासायनिक संकेत में परिवर्तन होता है :
   (1) कोशिका के शरीर में (2) एक्सॉन सिरे पर (3) डेन्ड्राइट पर (4) एक्सॉन में

84. निम्नलिखित में कौन सा सूत्र एक सर्किट में विद्युत शक्ति को निरूपित नहीं करता है :
   (1) $I^2R$ (2) $IR^2$ (3) VI (4) $V^2/R$

85. एक बल्ब के टंगस्टन फिलामेंट द्वारा उत्सर्जित उर्जा के दो प्रकार हैं :
   (1) विद्युत एवं प्रकाश (2) प्रकाश एवं ताप (3) ताप एवं विद्युत (4) केवल विद्युत

86. अम्लीय वर्षा, किसके ऑक्साइड द्वारा होती है :
   (1) सल्फर (2) कार्बन (3) नाइट्रोजन (4) उपरोक्त सभी

87. तापीय उर्जा संयत्र में प्रयोग होने वाला ईंधन है :
   (1) जल (2) यूरेनियम (3) बायोमास (4) जीवाश्म ईंधन

88. एक पत्ती के छिलके की उचित प्रकार अभिरंजित स्लाइड को जब उच्चशक्ति के सूक्ष्मदर्शी से देखा जाता है तो कहाँ केन्द्रक दिखाई देता है :
   (1) केवल एपीडरमल कोशिका में (2) केवल रक्षा कोशिका में
   (3) रक्षाकोशिका व एपीडरमल कोशिका में (4) रक्षा कोशिका, एपीडरमल कोशिका तथा स्टोमा में

89. खाना पकाते समय बर्तन की तली की बाहरी सतह काली हो जाती है, इसका अर्थ है :
   (1) खाना पूरी तरह नहीं पका है (2) ईंधन पूरी तरह नहीं जला है
   (3) ईंधन गीला है। (4) ईंधन पूरी तरह जल गया है।

90. यीस्ट (खमीर) में गुणन होता है :
   (1) बहुखंडन द्वारा (2) द्विखंडन द्वारा (3) मुकुलन द्वारा (4) सिस्ट निर्माण द्वारा

collegedunia
India's largest Student Review Platform

91. रेसिन द्वारा अवशोषित जल की प्रतिशतता है :

(1) सूखे रेसिन के भार के समानुपाती (2) सूखे रेसिन के भार के अनुक्रमानुपाती

(3) सूखे रेसीन के भार के बराबर (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

92. परावर्तन के नियम के अनुसार :

(1) आपतन कोण, परावर्तन कोण के बराबर होता है।

(2) आपतन कोण, परावर्तन कोण का दुगना होता है।

(3) परावर्तन कोण, आपतन कोण का दुगना होता है।

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

93. माता-पिता से बच्चों में संचारित गुण स्थित होते है :

(1) कोशाद्रव्य में (2) राइबोसोम में (3) गाल्जी संरचनाओं में (4) जीन में

94. एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में गुणों के हस्तांतरण का अध्ययन जीवविज्ञान की किस शाखा में किया जाता है :

(1) माइक्रोलॉजी (2) जेनेटिक्स (3) एनॉटामी (4) फिज़ियोलॉजी

95. एक लेंस की अभिसारण क्षमता की एस.आई. इकाई है :

(1) से.मी. (2) मीटर (3) डायोप्टर (4) पॉवर

96. एक ''एलॉय'' है :

(1) एक तत्व (2) एक यौगिक (3) एक समांगी मिश्रण (4) एक विषमांगी मिश्रण

97. ''आर्कियोआप्टेरिक्स'' के जीवाष्म संयोजक कड़ी है :

(1) सरीसृपों और स्तनपायियों के बीच (2) सरीसृपों और पक्षियों के बीच

(3) मतस्य और उभयचरों के बीच (4) उभयचरों और सरीसृपों के बीच

98. 'पेसमेकर' बनाया गया है :

(1) यकृत प्रतिरोपण के लिए (2) हृदय प्रतिरोपण के लिए

(3) हृदय की धड़कनों को नियन्त्रित करने के लिए (4) रक्त बहाव को नियन्त्रित करने के लिए

99. नवीकरणीय उर्जा को पारंपरिक उर्जा से प्राथमिकता दी जाती है, क्योंकि यह :

(1) न समाप्त होने वाली है (2) मंहगी है

(3) उच्च कार्यक्षम है (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

100. पाचन के दौरान स्रावित पाचक रस का pH होता है :

(1) 7 से कम (2) 7 से ज्यादा

(3) 7 के बराबर (4) शून्य के बराबर

collegedunia
India's largest Student Review Platform

भाग-ब

## खण्ड V (ii) : गणित

101. $\frac{1}{\sqrt{2}+\sqrt{3}-\sqrt{5}} + \frac{1}{\sqrt{2}-\sqrt{3}-\sqrt{5}}$ का मान होगा :

(1) $\frac{1}{\sqrt{2}}$ (2) $\frac{1}{\sqrt{3}}$ (3) $\frac{1}{\sqrt{5}}$ (4) 1

102. 1 से 1000 के बीच कितनी संख्याओं के गुणनखंड 2, 3, 4, 5, 6 सभी है :

(1) 20 (2) 18 (3) 16 (4) 12

103. $\frac{(0.734)^2 - (0.266)^2}{.468}$ का मान है :

(1) 1.010 (2) 1.000 (3) 1.001 (4) 1.100

104. एक निर्माता ने एक कलम थोक दुकानदार को 18% लाभ पर दिया, थोक विक्रेता ने उसे एक खुदरा व्यापारी को 20% लाभ पर बेचा। खुदरा व्यापारी ने उसी कलम को ग्राहक को 25% लाभ पर बेचा। यदि ग्राहक को 35.40 रु. चुकाने पड़े, तो निर्माता के लिए लागत थी :

(1) 15 रु. (2) 17 रु. (3) 20 रु. (4) 22 रु.

105. एक किले में 600 व्यक्ति हैं। यदि उनमें से प्रत्येक को 180 ग्रा. खाद्यान्न प्रतिदिन दिया जाए तो वहाँ 35 दिनों के लिए पर्याप्त खाद्यान्न है। यदि 300 लोग और बढ़ा दिये जाएँ और खाद्यान्न की मात्रा 150 ग्रा. प्रति दिन कर दी जाए तो अब खाद्यान्न कितने दिनों के लिए पर्याप्त होगा :

(1) 30 दिन (2) 28 दिन (3) 25 दिन (4) 24 दिन

106. एक निश्चित मूलधन पर 10% वार्षिक ब्याज की दर से 3 वर्ष के लिए सरल ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज में 31 रु. का अन्तर है। मूलधन क्या होगा ?

(1) 1500 रु. (2) 1200 रु. (3) 1000 रु. (4) 800 रु.

107. एक वस्तु का नगद मूल्य 400 रु. है या उसे 100 रु. नगद चुकाकर, और 105 रु. की तीन मासिक किस्तों में भी बेचा जा सकता है। किस्त योजना में ब्याज दर क्या है ?

(1) 30.77% (2) 32.70% (3) 33% (4) 35%

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

108. एक विद्यार्थी को परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 40% अंक चाहिए। विद्यार्थी के 40 अंक आये और वह 20 अंकों से अनुत्तीर्ण हो गया। परीक्षा में कुल प्राप्तांक कितने हैं :

(1) 180 (2) 160 (3) 150 (4) 125

109. एक साइकिल चालक 24 कि.मी./घं. की रफ्तार से चलता है, तो वह अपने निर्धारित स्थान पर 5 मिनट की देरी से पहुँचता है और यदि वह 30 कि.मी./घं. की रफ्तार से चले तो निर्धारित स्थान पर 4 मिनट पहले पहुँच जाता है। साइकिल चालक द्वारा तय की गई कुल दूरी है :

(1) 15 कि.मी. (2) 18 कि.मी. (3) 20 कि.मी. (4) 22 कि.मी.

110. $\frac{\tan 45^\circ}{\operatorname{cosec} 30^\circ} + \frac{\sec 60^\circ}{\cot 45^\circ} - \frac{5 \sin 90^\circ}{2 \cos 0^\circ}$ का मान होगा :

(1) 1 (2) −1 (3) 0 (4) 2

111. $(\cos\theta - \sin\theta)^2 + (\cos\theta + \sin\theta)^2$ का मान होगा :

(1) 2 (2) −2 (3) 1 (4) 0

112. एक मीनार की आधार से 20 मी. की दूरी पर स्थित एक बिन्दु से मीनार की शीर्ष का उन्नयन कोण 30° है, तो मीनार की ऊंचाई है :

(1) $20\sqrt{3}$ मी. (2) $\frac{20}{\sqrt{3}}$ मी. (3) $10\sqrt{3}$ मी. (4) $\frac{10}{\sqrt{3}}$ मी.

113. 35 ली. मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 5 : 2 है। यदि इसमें 5 ली. दूध और मिला दिया जाए तो दूध और पानी का अनुपात हो जाएगा :

(1) 3 : 1 (2) 1 : 3 (3) 2 : 3 (4) 5 : 2

114. यदि एक समकोण त्रिभुज के चारों ओर बने वृत्त की त्रिज्या 3 से.मी. तथा कर्ण पर अवलम्ब की लम्बाई 2 से.मी. है, तो त्रिभुज का क्षेत्रफल होगा ?

(1) 12 वर्ग से.मी. (2) 9 वर्ग से.मी. (3) 6 वर्ग से.मी. (4) 4 वर्ग से.मी.

collegedunia
India's largest Student Review Platform

115. 125 से.मी.$^3$ आयतन वाले तीन घनों को एक रेखा में जोड़कर एक घनाभ बनाया गया है। इस घनाभ का पृष्ठ क्षेत्रफल क्या होगा ?

(1) 350 से.मी.$^2$ (2) 300 से.मी.$^2$ (3) 175 से.मी.$^2$ (4) 150 से.मी.$^2$

116. यदि 21 से.मी. व्यास की एक गोलाकार गेंद पिघलाई जाए और इससे 1 से.मी. भुजा वाले घन बनाए जाए, तो कितने घन बनेंगे ?

(1) 693 (2) 809 (3) 1617 (4) 4851

117. 5 अंको का मध्यमान 18 है, यदि एक अंक निकाल दिया जाए तो मध्यमान 16 रह जाता है। निकाला गया [illegible] :

(1) 90 (2) 64 (3) 26 (4) 80

118. यदि 3 निष्पक्ष सिक्के उछाले जाएं तो कम से कम 2 टेल आने की सम्भाव्यता है :

(1) $\frac{1}{8}$ (2) $\frac{3}{8}$ (3) $\frac{1}{2}$ (4) [illegible]

119. एक त्रिभुज के शीर्ष $(-2, -3)$, $(-1, 0)$, $(7, -6)$ हैं, त्रिभुज का परिधिकेन्द्र (Circumcentre) [illegible] :

(1) $(3, -3)$ (2) $(3, -2)$ (3) $(-3, 2)$ (4) [illegible]

120. एक अंकगणितीय वृत्ति (A. P.) 17, 14, 11,........, $-40$ में अन्तिम से [illegible]

(1) $-21$ (2) $-25$ (3) $-22$ (4) [illegible]

collegedunia
India's largest Student Review Platform

## खण्ड -V (iii) : सामाजिक विज्ञान

चार में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

121. विश्व की समाचार पत्र के कागज़ की सर्वाधिक आपूर्ति किस प्रकार के वनों से होती है ?

(1) एवरग्रीन फॉरेस्ट (सदाबहार वन) (2) डेसीडुअस फॉरेस्ट (पर्णपाती वन)

(3) कोनिफेरस फॉरेस्ट (शंकुधारी वन) (4) मेडिटेरेनियन फॉरेस्ट (भूमध्य सागरीय वन)

122. भारत में सोने के सिक्के चलाने वाले प्रथम शासक कौन थे ?

(1) मौर्य (2) इंडो ग्रीक (3) गुप्त (4) कुशाण

123. अजमेर में ''ढाई दिन का झोपड़ा'' निर्मित कराया गया :

(1) शेरशाह सूरी द्वारा (2) कुतुबुद्दीन ऐबक द्वारा

(3) जलालुद्दीन फीरोज खिलजी द्वारा (4) बलबन द्वारा

124. निम्नलिखित में से किस देश में ग्रामीण बैंक (जिसे गरीबों का बैंक भी कहा जाता है) है :

(1) पाकिस्तान (2) श्रीलंका (3) भारत (4) बांग्लादेश

125. निम्नलिखित में से किस राज्य में 1979 में (एंटीडिफेक्शन) अभिज्ञान रोधी कानून लागू हुआ ?

(1) केरल (2) जम्मू एवं कश्मीर

(3) पश्चिम बंगाल (4) तमिलनाडु

126. भारत में प्रोटोकाल के अनुसार, निम्नलिखित में से किसका स्तर प्रोटोकाल के क्रम में उच्चतम है ?

(1) उपप्रधानमंत्री (2) पूर्व राष्ट्रपति

(3) किसी राज्य में राज्य के राज्यपाल (4) लोकसभा अध्यक्ष

127. नागार्जुन कौन थे ?

(1) एक भारतीय सम्राट (2) एक वैदिक ऋषि

(3) एक जैन भिक्षु (4) एक बुद्ध दार्शनिक

collegedunia
India's largest Student Review Platform

128. बैंक द्वारा लिए जाने वाली 'टीजर कर्ज' दर क्या है ?

(1) बैंक द्वारा लिये जाने वाली स्थाई ब्याजदर

(2) बैंक द्वारा ली जाने वाली परिवर्तनीय (Floating) ब्याज दर

(3) प्रारम्भ के कमब्याज दर जो धीरे-धीरे बढ़ती जाती है।

(4) प्रारम्भिक उच्च ब्याज दर, जो धीरे-धीरे कम होती जाती है।

129. कम्पनियों द्वारा फंड का विपथन (diversion) रोकने के लिए बैंकों को छ: सूत्रीय प्रक्रिया अपनाने को किसने कहा है ?

(1) कम्पनी रजिस्ट्रार

(2) सेबी

(3) रिर्जव बैंक ऑफ इन्डिया

(4) ए.एम.एफ.आई.

130. वह वॉयसराय, जिसकी भारत में हत्या हुई, था :

(1) लार्ड हार्डिंग

(2) लार्ड नार्थब्रुक

(3) लार्ड एलेनब्रोफ

(4) लार्ड मायो

131. भारतीय संविधान के अनुसार ''जिला न्यायाधीश'' शब्द में सम्मिलित नहीं हैं :

(1) चीफ प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट

(2) सेशन जज

(3) ट्रिब्यूनल जज

(4) स्माल कॉज कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश

132. एक गणराज्य होने के बावजूद भारत, राष्ट्रमंडल समूह का सदस्य है, जिसका मुखिया ब्रिटिश राजा रानी है। इसका कारण है :

(1) सदस्यता भारतीय गणराज्य के संप्रभुता को प्रभावित नहीं करती।

(2) सदस्यता केवल यह दर्शाती है कि अंग्रेजों ने भारत पर शासन किया

(3) समूह के सदस्य संप्रभुत्व और स्वतंत्र हैं।

(4) यह अंग्रेजों से अधिशासित राष्ट्रों में एकता का सूचक है।

133. भारत में कब नयी उदार औद्योगिक नीति की घोषणा हुई ?

(1) 1989 (2) 1990 (3) 1991 (4) 1992

collegedunia
India's largest Student Review Platform

134. 'We invest in your dreams' किस बैंक का आधार वाक्य (Punch line) है?

(1) जम्मू एवं कश्मीर बैंक (2) पंजाब नेशनल बैंक

(3) भारतीय स्टेट बैंक (4) यू.टी.आई. बैंक

135. याकूत की जन्मभूमि है :

(1) ईरान (2) रूसी टुंड्रा (3) कीनिया (4) उत्तरी भारत

136. धरती की क्रिस्टल परत को __________ भी कहते हैं।

(1) सियाल (2) साइमा (3) मोहो (4) नाइफ

137. वायुमंडल की किस परत का तापमान लगभग एक जैसा रहता है?

(1) ट्रोपोस्फियर (2) ट्रोपोपॉज

(3) स्ट्रैटोस्फियर (4) आयोनोस्फियर

138. साइरस (Cirrus) शब्द का अर्थ है :

(1) एक निम्न ऊँचाई का बादल (2) अधिक ऊँचाई का बादल

(3) वर्षायुक्त बादल (4) ओलायुक्त बादल

139. विक्रमादित्य की उपाधि किसने धारण की?

(1) अशोक (2) चन्द्रगुप्त द्वितीय

(3) कनिष्क (4) समुद्रगुप्त

140. गांधी जी की भावना का धारक किसे कहा जाता है?

(1) सी. राजगोपालाचारी (2) रवीन्द्र नाथ टैगोर

(3) वल्लभ भाई पटेल (4) गोपाल कृष्ण गोखले

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

# खण्ड–V (v) : हिन्दी

*प्रश्न संख्या 161 से 165 के लिए दिशा निर्देश :*

**निर्देश :** *निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िये और उसके आधार पर पूछे गये प्रश्नों के यथोचित उत्तर दीजिए।*

चेतना के रूप में प्रवाहित होने वाली आत्मशक्ति और उस को आवृत करने वाली त्रिगुणात्मिका पन्चभूतात्मक प्रकृति का सम्बन्ध अन्योन्याश्रित है। चैतन्य के अस्तित्व का प्रमाण जीव प्रकृति के रूप में प्रत्येक प्राणी जागृत- स्वप्न -सुषुप्ति की दशा में अनुभव करता है। भूतात्मक प्रकृति जीव प्रकृति का संरक्षण उसी प्रकार करती है जिस प्रकार फल के ऊपर आवेष्टित छिलका उसका संरक्षण और संबर्धन करता है। पर्यावरण पंचभूतात्मक प्रकृति का संश्लिष्ट स्वरूप है। पर्यावरण संरक्षण वर्तमान यांत्रिक जीवन की प्रमुख समस्या है।

प्राणियों के अस्तित्व के लिए भू, मृदा, वनस्पति, पर्वत, तथा जल, वायु, सूर्य, चन्द्र, आकाश आदि का संतुलन अपेक्षित है। स्वार्थ परायणता, हिंसा, अन्धविश्वास, अज्ञान और सुरसा की तरह अहर्निश बढ़ने वाले, स्वार्थ, लोभ–लालच तथा अधिकार लिप्सा एवं अनैतिक जीवन यापन से हम अपने पैरों में खुद ही कुल्हाड़ी मार रहे हैं। अन्धाधुन्ध वृक्षों की कटाई से जल के स्रोत सूख रहे हैं। रेगिस्तान का विस्तार होता जा रहा है। वर्षा का चक्र प्रभावित हो रहा है। कहीं-अतिवृष्टि, कहीं अनावृष्टि कहीं सुनामी तो कहीं दुर्भिक्ष की विभीषिका से संसार त्राहि-त्राहि कर उठा है। भूगर्भ के अत्यधिक उत्खनन से भूकम्प का ताण्डवनृत्य कहीं न कहीं होता ही रहता है। समुद्रों, नदियों, जलाशयों और कूपों का जल रासायनिक अवशेषों तथा नगरों के अपशिष्ट पदार्थों के अपमिश्रण से इस प्रकार प्रदूषित हो गया है कि अन्न और जल की निर्विकार उपलब्धि के बिना नाना प्रकार के संहारक रोग असमय में ही काल-कवलित कर हमारे संसाधनों को अंगूठा दिखा रहे हैं।

मांस–मदिरा, धूम्रपान तथा धूम्रयानों को बेलगाम होने से श्वासकष्ट, हृदयरोग तथा मधुमेह से लेकर कैंसर तक दुर्निवार्य रोग बढ़ते जा रहे हैं। विलासिता की वस्तुओं की अन्धी दौड़ ने तो सारा काम तमाम ही कर दिया है। उसी का परिणाम है ओज़ोन परत का बढ़ता हुआ छेद जो प्राणी जगत के लिये नाना प्रकार की व्याधियों के उपहार लेकर आ गया है। कहने को हम वैज्ञानिक प्रगति कर रहे हैं। ध्वनि प्रदूषण ने तो गज़ब ही ढहा दिया है। जिधर देखो उधर ही ज़िन्दाबाद, मुर्दाबाद के गगनभेदी नारों से लेकर धर्म और रीति-रिवाज़ों के नाम पर कानफोड़ू संगीत और वाद्‌य यंत्रों की श्रवणशक्तिरोधी ध्वनि ने पर्यावरण का सुख–चैन छीन लिया है। मोर, कोयल, शुक, सारिका हमारे मित्र हम से दूर भाग गये हैं।

**161.** इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या होगा।

(1) वैज्ञानिक प्रगति (2) पर्यावरण प्रदूषण (3) प्रकृति की दुर्दशा (4) ध्वनि प्रदूषण

**162.** किनका सम्बन्ध अन्योन्याश्रित है ?

(1) मनुष्य के लालच और शोषण की प्रवृति में।

(2) प्रदूषण और जनसंख्या वृद्धि में।

(3) अधिकार और अमर्यादित जीवन में।

(4) भूतप्रकृति और जीव प्रकृति में।

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

163. पर्यावरण की समानता किस से की गई है?

(1) प्रकृति के संश्लिष्ट स्वरूप से।
(2) पन्चभूतों के संतुलित रूप से।
(3) फल के ऊपर के छिलके से।
(4) ओज़ोन परत के छिद्र से।

164. ध्वनि प्रदूषण का दुष्प्रभाव क्या है?

(1) श्रवणशक्ति कमजोर हो रही है।
(2) सांस्कृतिक ह्रास।
(3) वायु प्रदूषण।
(4) पशु-पक्षियों का ह्रास।

165. पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण क्या है?

(1) पर्यावरण शिक्षा
(2) स्वास्थय शिक्षा
(3) मदिरालय बंद करना
(4) ध्वनि यंत्रों पर रोक

*प्रश्न संख्या 166 से 180 के लिए निर्देश :*
*निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के साथ-साथ चार-चार विकल्प दिये गये हैं। उनमें से सही विकल्प चुनिए।*

166. विद्वानों ने कबीर को किस भाषा का कवि माना है?

(1) सधुक्कड़ी (2) गोरखपुरी (3) अवधी (4) अर्द्धमागधी

167. अशोक के शिलालेखों की कौन सी भाषा है?

(1) संस्कृत (2) पाली (3) प्राकृत (4) खरोष्ट्री

168. 'वैराग्य-संदीपिनी' किस कवि की कृति है?

(1) भर्तृहरि (2) मतिराम (3) तुलसी (4) निराला

169. निम्नलिखित में से भारतेन्दु हरिश्चंद्र की कृति कौन सी है?

(1) भारत दुर्दशा (2) अन्धेर नगरी (3) विराट की पद्मिनी (4) आधा सच आधा झूठ

170. निम्नलिखित में से रामधारी सिंह की गद्य रचना कौन सी है?

(1) रश्मिरथी
(2) हुंकार
(3) संस्कृति के चार अध्याय
(4) वाणभट्ट की आत्मकथा

171. 'बिहारी की सतसई' किस विधा की रचना है?

(1) चौपाई (2) दोहे (3) मुक्तकछन्द (4) सवैया

172. निम्नलिखित में किसकी वर्तनी शुद्ध है?

(1) दवाईयाँ (2) आनन्द (3) भूल-चूक (4) मतस्य

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

173. 'नि: + चेष्ट' को संधियुक्त करने पर क्या रूप होगा?

(1) निर्चेष्ट (2) निर्चेष्ट (3) निश्चेष्ट (4) निष्चेष्ट

174. 'दुराशा' का सन्धि विच्छेद होगा?

(1) दुरा + आशा (2) दु: + आशा (3) दुरा + शा (4) दुर् + आशा

175. निम्नलिखित में से किसकी वर्तनी शुद्ध नहीं है :

(1) पूज्यनीय (2) उपर्युक्त (3) कवयित्रि (4) आशीर्वाद

176. 'दुर्भिक्ष' का विलोम शब्द कौन सा है?

(1) निर्भिक्ष (2) सुभिक्ष (3) भैक्ष्यचर्या (4) अदुर्भिक्ष

177. 'सर्वनाश करना' किस कथन का अर्थ है?

(1) काम तमाम करना। (2) चौपट करना।

(3) अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारना। (4) पानी न माँगना।

178. 'तीन बेर खाती थी वे तीन बेर खातीं हैं' इस पद्यांश में कौन सा अलंकार है?

(1) उपमा (2) यमक (3) श्लेष (4) अनुप्रास

179. किसी शब्द के पूर्व किस के संयोग से अर्थ परिवर्तन होता है?

(1) प्रत्यय (2) उद्धरण चिन्ह (3) उपसर्ग (4) अल्पविराम

180. निम्नलिखित वाक्यों में कौन वाक्य शुद्ध नहीं है?

(1) मेरे को जल्दी घर जाना है। (2) तुम्हें क्या कहना है?

(3) अपनी करनी पार उतरनी। (4) दो मिनट ठहरो, अभी आया।

-o0o-

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform